तापमान

अधिकतम 45.3 डिग्री
न्यूनतम 23.8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 19 मई 2025



12 मुख्य अभियंता ने विकास कार्यों का किया मुआयना





12 सेना के सम्मान में शिविर, 72 ने किया रक्तदान




## खबर संक्षेप

### कातिलाना हमले के चार आरोपी गिरफ्तार किए

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस टीम ने गैर इरादतन हत्या के प्रयास के मामले में चार आरोपियों गौरव उर्फ गौरी निवासी सिद्धार्थ नगर, विक्की उर्फ पपू निवासी हरि नगर, निमीश उर्फ नींबू निवासी सुभाष कॉलोनी व अजय निवासी अर्जुन नगर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिल कर कुलशल पाल निवासी सैनी कालोनी पर जान लेवा हमला किया था। थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र ने बताया कि इस मामले में मनजीत निवासी सैनी कॉलोनी की शिकायत पर केस दर्ज है।

### वाशिंग मशीन में करंट लगने से युवती की मौत

**पानीपत।** पानीपत के वार्ड 11 में बिजली चलित वाशिंग मशीन में कपडे.धो रही आयशा की करंट लगने से मौत हो गई। आयशा के भाई समीर ने बताया कि आयशा, सलारगंज गेट क्षेत्र में दुकान पर काम करती थी और किराये के मकान में रहती थी। इधर, मकान मालिक ने दूसरे किरायेदार के कमरे तक लाइट देने के लिए जुगाड़ कर एक कटी तार का इस्तेमाल किया और इस तार के संपर्क में आयशा की मौत हुई।

### जानलेवा हमला करने के तीन आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना सनौली पुलिस टीम ने नवादा आर से सनौली रोड पर बाइक सवार दो चचेरे भाइयों राजेश व सुनील का रास्ता रोककर गंडास, लाठी व डंडों से जानलेवा हमला करने के तीन आरोपियों अमनजीत उर्फ अमन, राकेश निवासी गांव नवादा आर व गांव तामशाबाद निवासी राहुल को गिरफ्तार किया है। थाना सनौली प्रभारी सब विनोद ने बताया कि पूछताछ में तीनों आरोपियो ने जानलेवा हमला करने की वारदात को अंजाम देना स्वीकारा है।

# ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की अद्भुत रणनीति साहस व देशभक्ति का प्रतीक : श्याम सिंह राणा

### ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता को लेकर रादौर में तिरंगा यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के अंतर्गत रविवार को रादौर में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

इस राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। तिरंगा यात्रा रादौर की अनाज मंडी से शुरु होकर कस्बा के प्रमुख मार्गों व मेन बाजार से होते हुए अंत में शुभारंभ स्थल पर जाकर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा के समापन पर मुख्यातिथि एवं हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की अद्भूत रणनीति, साहस और देशभक्ति का प्रतीक है। यह केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और आत्मबल का संदेश है। हमारी सेना ने जिस प्रकार इस अभियान को अंजाम दिया है। उस पर पूरा देश गर्व महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक मजबूत और निर्णायक छवि बनाई है। ऑपरेशन सिंदूर इसी नीति का परिणाम है। जिसमें आतंक और दुश्मन ताकतों को करारा जवाब दिया गया है।

- हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने तिरंगा यात्रा का किया नेतृत्व

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि आज का दिन राष्ट्रभक्ति के जज्बे और बलिदान की भावना को सच्ची श्रद्धांजलि देने का अवसर है। हम यहां तिरंगा यात्रा के माध्यम से उन महान सपूतों को नमन करने के लिए एकत्रित हुए हैं। जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत देश की रक्षा की और चार दिनों में ही पाकिस्तान को घुटनों पर लाने का काम किया। उन्होंने कहा कि वे उन वीर सैनिकों को नमन करते हैं जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भाग लिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की वीर भूमि से लाखों जवान भारत माता की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। हमारे गांव गांव के जवान वीरता की मिसाल बन चुके हैं। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सीजफायर की बात हुई तो भारत ने फिर संयम और शांति की मिसाल पेश की। वह केवल एक सैन्य निर्णय नहीं, बल्कि मानवीयता की ओर उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का ही परिणाम है कि आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की जा रही है। सेना का सशक्तिकरण किया गया है और दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने युवाओं से अपील की कि वे देश की एकता और अखंडता के लिए सदैव तत्पर रहें और भारत के भविष्य निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं। तिरंगा यात्रा के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।





**यमुनानगर।** रादौर में तिरंगा यात्रा के दौरान संबोधित करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व भाग लेते कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा, पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, नपा चेयरमैन रजनीश मेहता, रामनिवास गर्ग, नेपाल राणा व चेयरमैन ब्लॉक समिति रादौर विपिन कांबोज और चेयरमैन कोऑपरेटिव बैंक धर्म सिंह बंसल आदि मौजूद रहे।

### अंबाला कैंट की सड़कों पर तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## देशभक्ति के गीतों पर जमकर झूमे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए हिंदुस्तान का आगाज हो रहा है। हम हिंदुस्तानी पूरी तरह से अपनी सेनाओं को अपना समर्थन देते हैं। उनके आगे नतमस्तक होते हैं। सैनिकों के सम्मान में रविवार को अंबाला छावनी में तिरंगा यात्रा निकाली गई है। विज छावनी में भारतीय सेनाओं के सम्मान में आयोजित की गई तिरंगा यात्रा में विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान पर सटीक हमला कर आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई में मिली जीत व सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया था जिसमें हर वर्ग के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने ने कहा कि अंबाला छावनी की देशभक्त जनता सड़कों पर तिरंगा लेकर जांबाज सिपाही जिन्होंने पाकिस्तान के दांत खट्टे किए हैं उन्हें नत्मस्तक होने के लिए, उनका सम्मान करने और उन्हें यह बताने हेतु कि हर लड़ाई में जनता उनके साथ है। उन्होंने कहा कि 40 वर्षों में पहली बार उन्होंने इतनी बड़ी और जोश के साथ इतनी बड़ी तिरंगा यात्रा देखी है। विज ने कहा कि पाकिस्तान पिछले लंबे समय से अपनी खुराफातों में लगा था और पहलगाम में पाक परस्त आतंकियों ने धर्म पूछ-पूछकर निहत्थे लोगों को गोलियां मारी। इससे पहले आतंकी घटनाएं होती थी तो पूर्व सरकारें श्रद्धांजलियां देकर घरों में चले जाते थे। मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को ललकारते हुए कहा आतंकियों को उन्हें उनके घर में घुसकर मारेंगे। उन्होंने बताया कि चार दिन में भारत ने सटीक हमले करते हुए उनके घुटने टिकवा दिए। लगभग 15 स्वदेशी ब्राह्मोस मिसाइलें से पाकिस्तान में आतंकी अड्डो, एयरपोर्ट, एयर कमांड सेंटरों को तहस-नहस कर दिया गया। अनिल विज ने कहा कि बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने इस यात्रा में शामिल होकर संदेश दिया है कि अंबाला छावनी का प्रत्येक व्यक्ति प्रधानमंत्री के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि बाहर के कईं देशों के नेताओं ने उल्टे प्रचार किए लेकिन हमारे प्रधानमंत्री ने बिल्कुल ठीक स्थिति को बताया। हमें अपने प्रधानमंत्री पर विश्वास है, जो वो कह रहे है वह ठीक है।

- हर हिंदुस्तानी भारतीय सेनाओं के आगे नतमस्तक : अनिल विज



**अंबाला।** तिरंगा यात्रा की अगुवाई करते मंत्री अनिल विज व यात्रा में उमड़ा सैलाब।

#### यात्रा से पूरा बाजार तिरंगामय हो गया

तिरंगा यात्रा में अम्बाला छावनी से हजारों लोगों ने जोश व जुनून के साथ हिस्सा लेते हुए सैनिकों का उत्साह बढ़ाया। यात्रा में आमजन के अलावा आईएमए, विभिन्न व्यापारी व सामाजिक संगठन, बाजार एसोसिएशन, धार्मिक संगठनों, पूर्व सैनिकों, कालेज विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स नेहिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा से पूरा बाजार तिरंगामय हो गया। हाथों में तिरंगा थामे लोग देशभक्ति गीतों पर झूम रहे थे। तिरंगा यात्रा राजकीय कालेज के समक्ष से प्रारंभ हुई जोकि कबाड़ी बाजार, केसरा बाजार, पुल चमेली, पुरानी सब्जी मंडी, डीसी रोड, बजाजा बाजार, सदर बाजार, निशात सिनेमा रोड से होती हुई वापस कालेज परिसर पर संपन्न हुई। यात्रा में हजारों की संख्या में शामिल लोग हाथों में तिरंगा लिए हुए थे।

## हादसे में बाइक सवार की मौत, दोस्त घायल

- बीमार मां को अस्पताल में खाना देकर लौट रहे थे दोनों
- गांव हरनौल के पास कार ने मारी बाइक को टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव हरनौल के नजदीक कार की टक्कर लगने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका दोस्त घायल हो गया। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। मृतक युवक अपने दोस्त के साथ बराड़ा के निजी अस्पताल में दाखिल अपनी मां को खाना देकर वापस लौट रहा था।

पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उतर प्रदेश के सहारनपुर निवासी प्रताप सिंह ने शिकायत में बताया कि उन्होंने अपनी भाभी को बराड़ा के एक अस्पताल में भर्ती किया हुआ है। शाम को उसका भतीजा 25 वर्षीय नीतीश अपने दोस्त अभिषेक के साथ बाइक पर अपनी मां को खाना देने के लिए गए थे। जब वह वापस लौट रहे थे तो गांव हरनौल के पास तेज गति से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने नीतीश को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही वह परिजनों के साथ मौके पर पहुंचा। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

## तलवारबाजी में निकिता ने मारी बाजी, जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

बिहार के राजगीर के स्टेडियम में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के तहत तलवारबाजी, टीम इवेंट प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में देशभर से आए युवा खिलाडिय़ों ने हिस्सा लिया।

फाइनल मुकाबला हरियाणा और महाराष्ट्र के बीच हुआ। जिसमें हरियाणा से निकिता चौहान ने तलवारबाजी प्रतियोगिता में अपने दमदार फुर्तीले मूव्स से सभी को चौंकाते हुए फाइनल मुकाबले में जीत हासिल की और स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) अपने नाम किया। निकिता की इस उपलब्धि से पूरे हरियाणा प्रदेश में खुशी का माहौल है। निकिता हिसार के गांव मिर्जापुर की रहने वाली है। उनके पिता मनोज कुमार हरियाणा पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात है। निकिता अपने माता-पिता के साथ पुलिस लाइन करनाल में रह रही है। निकिता तलवारबाजी प्रतियोगिता में कई मेडल जीत चुकी है। निकिता की छोटी बहन वंशिका भी तलवारबाजी की खिलाड़ी है और कई मेडल अपने नाम कर चुकी है। गीता और बबीता फौगाट दोनों बहनों की आइडल चाचा विजय चौहान ने बताया कि निकिता 12वीं कक्षा की पढ़ाई कर रही है और वंशिका 11वीं कक्षा में है। निकिता व वंशिका कुश्ती खिलाड़ी गीता और बबीता फौगाट को अपनी आइडल मानती है। बचपन से ही दोनों बहनें गीता और बबीता फोगाट से प्रभावित है। निकिता और वंशिका रोजाना तीन से चार घंटे तलवारबाजी का अभ्यास करती है। दोनों बहने बड़े ही फुर्तीले मूव्स से लोगों को हैरान कर देती है।

- बिहार में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत तलवारबाजी प्रतियोगिता
- गीता-बबीता फौगाट को आइडल मानती हैं निकिता और वंशिका



#### निकिता के चाचा हैं कुश्ती कोच

निकिता और वंशिका का चाचा विजय चौहान कुश्ती कोच के रूप में सेवाएं दे रहे है। विजय चौहान ने अपनी दोनों भतीजियों को खेल के लिए प्रेरित किया है। वह समय-समय पर उन्हें जागरूक करते रहते है। विजय चौहान ने बताया कि निकिता व वंशिका के दादा रामफल चौहान पहलवान थे। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेकर कई मेडल हासिल किए। विजय ने कहा कि निकिता की जीत आने वाले समय में अन्य युवाओं को भी प्रेरणा देगी और भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने की दिशा में एक और कदम साबित होगी।

#### ओलंपिक में मेडल जीतना है सपना

निकिता और वंशिका स्कूल प्रतियोगिता से लेकर नेशनल प्रतियोगिता तक खेल चुकी है और गोल्ड सहित कई मेडल हासिल कर चुकी है। निकिता ने बताया कि उसका सपना है कि वह तलवारबाजी में एक दिन ओलंपिक में हिस्सा लेकर देश के लिए गोल्ड मेडल लेकर आएगी।

## पाकिस्तानी जासूस नोमान चार बार गया पाकिस्तान

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की सीआईए वन ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोपी नोमान इलाही निवासी कैराना, जिला शामली, उत्तर प्रदेश को कोर्ट में पेश कर सात दिन के रिमांड पर ले रखा है। वहीं रिमांड के दौरान नोमान ने पुलिस बताया कि उसे जासूसी की एवज में उसे भारतीय बैंकों के खातों से पेमेंट किया जाता रहा है। वहीं जिन लोगों के बैंक खातों से नोमान को नगदी दी जाती थी ऐसे करीब 12 लोगों की पहचान पानीपत पुलिस ने की है और इनके खातों की जांच की जा रही है। इधर, नोमान इलाही, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट इकबाल काना के कहने पर ट्रेनों के वीडियो बना कर उसे भेजता था। वहीं पुलिस को संदेह है कि नोमान इलाही आईएसआई का प्रतिक्षित जासूस है और वह बहुत ही शातिर है। पुलिस की जांच में वह पूरी तरह से सहयोग नहीं कर रहा बल्कि गुमराह कर रहा है। दूसरी ओर पुलिस की जांच में पता चला है कि नोमान के पासपोर्ट की वैधता सन 2010 में समाप्त हो चुकी थी। जबकि नोमान का दाव है कि वह सन 2017 में पाकिस्तान गया था। एजेंसियां 2017 में उसकी पाकिस्तान यात्रा के बारे में सभी विवरण प्राप्त करने की कोशिश कर रही हैं। नोमान का पांच साल की उम्र में पासपोर्ट बना गया था और वह चार बार पाकिस्तान जा चुका है। पाकिस्तान की बुआ व मोसी निवास कर रहे है। इधर, पुलिस ने नेमान द्वारा अपने मोबाइल फोन के डिलीट किए गए डेटा की रिकवरी के लिए लैब भेजा गया। नोमान के मोबाइल फोन से कुछ वॉयस मैसेज भी मिले हैं, जिसमें कॉलर उससे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पठानकोट और गुरदासपुर में ट्रेनों से सेना की आवाजाही के बारे में जानकारी देने को कह रहा था।

- इलाही को जासूसी की एवज में भारतीय बैंक खातों से मिलता था भुगतान
- बैंक खातों के 12 संचालकों की पुलिस ने शिनाख्त की

### पूर्व मंत्री असीम गोयल बोले, विकास कार्यों के लिए सीएम की कलम में दोगुनी स्याही

## एक साथ किया 98 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

- इन परियोजनाओं पर लगभग 65 करोड़ रुपये की लागत आएगी
- शहर के हर वार्ड में विकास की रफ्तार को पंख लगेंगे : गोयल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के इतिहास में रविवार को एक ऐतिहासिक क्षण दर्ज हुआ। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने एक साथ 98 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं पर लगभग 65 करोड़ रुपये की लागत आएगी। शहर के हर वार्ड में विकास की रफ्तार को पंख लगेंगे।

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने विभिन्न गांवों में भी करीब 3 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के उद्घाटन और शिलान्यास किए। बता दें कि रविवार को हुए इस बड़े आयोजन में अंबाला शहर के हर वार्ड को महत्वपूर्ण विकास कार्यों की सौगात मिली है। इन कार्यों में गौशाला शैड,नंदी शाला शैड ,सड़कों व गलियों का निर्माण व सुदृढ़ीकरण ,जल निकासी व्यवस्था, स्ट्रीट लाइटिंग और बस क्यू शेल्टर,धर्मशाला निर्माण, जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इस ऐतिहासिक मौके पर मेयर शैलजा सचदेवा, सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा, डिप्टी मेयर राजेश मेहता और भाजपा के सभी सदस्य भी मौजूद रहे। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने इस अवसर पर कहा कि इतिहास में पहली बार अंबाला जिला से मुख्यमंत्री बना है।

ऐसे में जब जब अंबाला के काम की बात आती है तो मुख्यमंत्री नायब सिंह की कलम में स्याही दोगुनी भर जाती है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक शुरुआत है। भविष्य में यहां चहुंमुखी विकास के लिए और भी बड़े कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि शहर को एक आदर्श नगर बनाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस मौके पर पूर्व मंत्री असीम गोयल ने मुख्यमंत्री को नया नाम देते हुए कहा कि "मुस्कान मैन" मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पूरे प्रदेश का वातावरण बदल दिया है। उन्होंने बताया कि ये सभी कार्य उन्होंने अपने मंत्री रहते हुए पास करवाए थे। उन्होंने कहा कि अंबाला में विकास की बयार यूं ही चलती रहेगी।





**अंबाला।** विकास योजनाओं का शिलान्यास करते पूर्व मंत्री असीम गोयल व व योजनाओं के शिलापट। *फोटो : हरिभूमि*

#### अधिकारियों को निर्देश

मंच से शहरवासियों को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने मौके पर मौजूद नगर निगम के अधिकारियों को जनता के बीच ही मंच से निर्देश देते हुए कहा कि सभी विकास कार्यों की गुणवत्ता का अधिकारी विशेष ध्यान रखेंगे। इसके साथ ही सभी विकास कार्य तय समय सीमा में ही पूरे होने चाहिए।

## फर्जी आईडी बनाकर बेच दी एक व्यक्ति की प्रॉपर्टी

- पुलिस ने बिल्डिंग इंस्पेक्टर समेत चार लोगों के खिलाफ किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

फरीदाबाद के सेक्टर आठ निवासी एक व्यक्ति ने चार लोगों पर मिलीभगत कर फर्जी आईडी बनाकर उसकी यमुनानगर के टैगोर गार्डन में स्थित प्रापर्टी को धोखे से मिलीभगत करके सस्ते में बेच देने का आरोप लगाया है।

पीड़ित का आरोप है कि उसकी प्रॉपर्टी पर अदालत से स्थगन आदेश भी मिला हुआ है। इसके बावजूद आरोपियों ने उसकी प्रॉपर्टी को धोखे से फर्जी आईडी बनाकर बेच दिया। पुलिस ने बिल्डिंग इंस्पेक्टर समेत चार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। फरीदाबाद के सेक्टर-8 निवासी योगेश शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि यमुनानगर के टैगोर गार्डन में 140 गज की प्रॉपर्टी पड़ी हुई है। इस प्रापर्टी पर विवाद चलने के कारण अदालत द्वारा स्टे लगाया हुआ है। आरोप है कि उसकी इस प्रॉपर्टी को विक्रम व विशाल ने नगर निगम के अधिकारियों से मिलीभगत कर फर्जी तरीके से नई प्रॉपर्टी आइडी बनाकर उसे धोखे से सस्ते में बेच दिया गया। 28 अक्टूबर 2024 को रात को आठ बजकर 55 मिनट पर नई प्रापर्टी आइडी के लिए अप्लाई किया गया। इसके बाद नौ बजकर 46 मिनट पर नई प्रापर्टी आइडी तैयार कर दी गई। जिसमें यह प्रापर्टी सौ गज की दिखाई गई। जबकि प्रापर्टी आइडी का आवेदन दिन के समय में किया जाता है। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम के सम्मान में घरौंडा में निकाली तिरंगा यात्रा

# बहादुर सेना और देश के मजबूत नेतृत्व के कारण हुआ आतंकवाद का सफाया : हरविन्द्र कल्याण

- हिंदुस्तान जिंदाबाद व भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों और देश भक्ति गीतों से गूंज उठा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭घरौंडा





ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम के सम्मान में तथा आमजन में देश भक्ति व राष्ट्रवाद की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से घरौंडा में आज तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोगों एवं आमजन ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यात्रा का नेतृत्व हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष व घरौंडा विधायक हरविन्द्र कल्याण ने किया। यात्रा रेलवे रोड से शुरू होकर संत शिरोमणि गुरु रविदास चौक, विश्वकर्मा चौक से होती हुई महाराणा प्रताप चौक जी.टी. रोड पर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान पुष्प वर्षा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों और देश भक्ति गीतों से शहर गूंज उठा।

यात्रा के दौरान अपने संबोधन में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष व घरौंडा विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। मात्र 3 दिनों के भीतर भारतीय सेना ने पाकिस्तान को तहस-नहस कर दिया और यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारत न केवल अपनी रक्षा करना जानता है, बल्कि अपनी आस्था पर हमला करने वालों को भी करारा जवाब देना जानता है।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम के सम्मान में तिरंगा यात्रा पूरे देश में निकाली जा रही है। यह यात्रा हर नागरिक में राष्ट्रीय भक्ति की भावना को बढ़ा रही है और राष्ट्रीय भक्ति के जज्बे को प्रदर्शित कर रही है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारतीय सेना ने आतंकवाद और उसका समर्थन करने वाले पाकिस्तान को प्रभावी ढंग से जवाब दिया है, और यह साबित किया है कि देश की एकता और अखंडता पर हमला करने या भारत के विकास को रोकने का प्रयास करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

श्री कल्याण ने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायराना हमले ने हर भारतीय को हिला कर रख दिया, जिसमें निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया गया और उनकी निर्मम हत्या की गई, जिसकी पूरी दुनिया ने निंदा की। जिसके बाद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बयान दिया कि इस हरकत को करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

श्री कल्याण ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत की महिला अधिकारियों ने आतंकवाद को करारा जवाब दिया और दुनिया को संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हमारी बेटियों का सिंदूर उजड़ा था, उसी प्रकार ऑपरेशन सिंदूर ने 3 दिनों में पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को तहस-नहस करके बहादुरी का परिचय दिया। उन्होंने इस सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व को दिया, जिन्होंने सेना को कार्रवाई के लिए पूरी स्वतंत्रता दी। उन्होंने कहा कि सेना की बहादुरी ने पाकिस्तान में हर आतंकी ठिकाने को खत्म करने का काम किया है और आज हम ऐसी वीर सेना और मजबूत नेतृत्व को नमन करने के लिए एकत्रित हुए हैं। श्री कल्याण ने कहा कि हम सभी को राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से काम करना चाहिए।

## आतंकवाद को खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी: नरवाल



- भारतीय सेना के शौर्य के सम्मान में टीम सुमित नरवाल की ओर से निकाली गई तिरंग यात्रा

**करनाल।** रविवार को भारतीय सेना के शौर्य के सम्मान में टीम सुमित नरवाल की ओर से जुंडला से चिड़ाव मोड़ तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। सैंकड़ों की संख्या में युवाओं से लेकर बुजुर्ग तक हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर वंदे मातरम और भारत माता की जय के जोरदार जयकारे लगा रहे थे। खास बात यह रही कि पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के दादा हवा सिंह, पिता राजेश नरवाल, माता आशा नरवाल चाचा राकेश नरवाल तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुआ। आयोजक सुमित नरवाल और विनय नरवाल के दादा हवा सिंह ने तिरंगा यात्रा की अगुवाई की। सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, एडवोकेट अरविंद निटू मान विशेष रूप से मौजूद रहे। चिड़ाव मोड़ पर टीम सुमित नरवाल द्वारा बनाए गए शहीदी स्मारक पर तिरंगा यात्रा का समापन हुआ, जहां वीर सपूत लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के चित्र व करनाल जिला के आज तक हुए सभी शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। शहीद जवानों को याद किया गया। विनय नरवाल अमर रहे के जोरदार नारे लगाए गए। शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी याद में दो मिनट का मोन रखा गया। इसके बाद राष्ट्रीय गान गया गया। इस मौके पर विनय नरवाल के पिता राजेश नरवाल ने कहा कि चिड़ाव मोड़ पर बना यह शहीदी स्मारक युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। शहीदी स्मारक की दीवार पर प्रथम विश्व युद्ध से लेकर अब तक शहीद हुए करनाल जिला के जवानों के नाम अंकित किए गए हैं, जिसके लिए टीम सुमित नरवाल बधाई की पात्र है। वह तीनों सेनाओं को सेल्यूट करते हैं। इस मौके पर तिरंगा यात्रा के संयोजक सुमित नरवाल ने कहा कि दुख की घड़ी में देश का हर व्यक्ति विनय नरवाल के परिवार के साथ खड़ा है। विनय नरवाल के रूप में देश ने एक होनहार बेटा खो दिया है। कायरना आतंकी हमले का जवाब देश की सेनाओं ने पाकिस्तान को दे दिया है। आज की तिरंगा यात्रा सेनाओं के शौर्य का सम्मान करने और विनय नरवाल को श्रद्धांजलि देने के लिए निकाली गई है।

यात्रा में पूर्व चेयरमैन निर्मला बैरागी, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, भाजपा महामंत्री सतबीर गोस्वामी, अजय राणा, महिला मोर्चा अधक्ष सुनील मोर, अनिल छावा, सीमा शर्मा, कमल धीमान,सतीश नागरथ,अशोक पांचाल, मंजू खैंची सहित बड़ी संख्या में आमजन ने भाग लिया।



## भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन

**नीलोखेड़ी।** गत दिवस शाम को हल्का विधायक भगवानदास कबीरपंथी नगरपालिक चेयरमैन सन्मीत कौर आहूजा व भाजपा कार्यकर्ताओं तथा आमजन ने भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया।सबके हाथ में तिरंगा झण्डा गर्व से शोभित रहा।यात्रा की शुरुआत पंजाबी भवन से हुई।भाजपा वरिष्ठ नेता शिवनाथ कपूर ने बताया कि यात्रा का उपलक्ष्य आप्रेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सैन्य बल के आदम्य साहस को सम्मानित करना है उन्होंने कहा भारतीय सेना ने आप्रेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकानों को नष्ट कर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है और इस उपलक्ष्य में देशभर में तिरंगा यात्राएँ आयोजित हो रही हैं।इस बारे पालिका चेयरमैन सन्मीत कौर आहूजा ने कहा कि आप्रेशन सिंदूर की सफलता पर आज महिलाएँ गर्व एवं आत्मविश्वास से अग्रिम पंक्ति में चल रही हैं तथा चारों और तिरंगा यात्रा को लेकर अद्भुत उत्साह देखा जा रहा है।सारे शहर की परिक्रमा के पश्चात यात्रा पंजाबी भवन पर ही समाप्त हुई।मौके पर मंडल उपाध्यक्ष केवल कृष्ण कुकरेजा,जिला अध्यक्ष प्रवीन लाठर, कविंदर राणा प्रतिनिध केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर,पालिका चेयरमैन प्रतिनिध सतनाम सिंह आहूजा,मंडल मिडिया सह प्रभारी नवीन कपूर सहित कई भाजपा कार्यकर्ता आमजन मौजूद रहे।



इंद्री। तिरंगा यात्रा निकालते विधायक रामकुमार कश्यप व भाजपा नेता।

## इंद्री में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**इंद्री।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता तथा देशभक्ति व राष्ट्रवाद की भावना को मजबूत करने के लिए इंद्री में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में आए लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित करके देश के जवानों के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करने का काम किया। सिंचाई विभाग के विश्राम गृह से निकाली गई इस तिरंगा यात्रा का नेतृत्व विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने किया। यात्रा में शामिल प्रत्येक नागरिक के हाथ में भारत की आन-बान-शान तिरंगा देखने को मिला। इस अवसर पर जिला प्रभारी भारत भूषण, भाजपा नेता रघुबीर बतान, जगदीश गोयल, महेन्द्र सिंह पंजोखरा, तेजिन्द्र सिंह, अमित गोयल, राममेहर, अनिल चौहान, संजय कांबोज, इलम सिंह व राजेन्द्र मिड्ढा सहित काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



इंद्री। गांव बीबीपुर जाटान स्थित नौ गजे पीर के धुने पर तपस्या करते योगी दर्शन नाथ।

## योगी दर्शन नाथ क्षेत्र के लोगों की सुख-शांति की कामना के लिए तपती गर्मी में कर रहे हैं तपस्या

**इंद्री।** गांव बीबीपुर जाटान स्थित नौ गजा पीर के धूने पर योगी दर्शननाथ द्वारा क्षेत्र के लोगों की खुशहाली और सुख-शांति की कामना से तपती गर्मी में तपस्या की जा रही है जिसमें लगातार श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस पीर की दरगाह पर यह तपस्या पिछले करीब 20 वर्षों से चलती आ रही है। योगी दर्शन नाथ के गुरु योगी अजय नाथ ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह तपस्या मैंने 20 वर्ष पहले शुरू की थी तब से लेकर आज तक हर वर्ष यह तपस्या की जाती है। उन्होने बताया कि इस बार यह तपस्या मेरे शिष्य योगी दर्शन नाथ कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह तपस्या क्षेत्र में सुख शांति बनाए रखने के लिए 4 मई से शुरू हुई है जोकि 12 जून तक की जाएगी और यह तपस्या 41 दिनों तक चलती है। 12 जून को तपस्या के समापन अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसमें क्षेत्र के साधु महात्मा व ग्रामीण भाग लेकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते हैं और पीर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में गांव बीबीपुर जाटान के ग्रामीणों का योगदान रहता है।

## प्रभु चरणों मे लीन हुए सतपाल ठाकुर

**तरावड़ी।** रेल यात्री वैलफेयर एसोसिएशन के निरीक्षक राजीव ठाकुर व पत्रकार पंकज ठाकुर के पिता सतपाल अपनी सांसारिक यात्रा पूरी कर प्रभु चरणों मे लीन हो गए हैं। उनका अंतिम संस्कार तरावड़ी के शिवपुरी श्मशानघाट में किया गया। सतपाल के निधन पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, मेयर रेणु बाला गुप्ता, विधायक भगवानदास कबीरपंथी, नगरपालिका चेयरमैन वीरेंद्र बंसल, पंजाबी सभा तरावड़ी के प्रधान राजीव नारंग, नीलोखेडी नगरपालिका चेयरमैन सनमीत कौर आहूजा, भाजपा मंडल तरावड़ी आदि ने शोक जताया है।

## सफाई कर्मचारी 20 को डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे

**करनाल।** सीटू से संबंधित आंगनवाड़ी, आशा, मिड डे मील, ग्रामीण चौकीदार, वन मजदूर व ग्रामीण सफाई कर्मचारी 20 मई को डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन की तैयारी के लिए सीटू कार्यालय में सीटू जिला प्रधान सतपाल सैनी की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया। संचिलन जिला कैशियर ओ.पी माटा ने किया। सीटू जिला प्रधान सतपाल सैनी व जिला कैशियर ओम प्रकाश माटा ने कहा कि राष्ट्रव्यापी हड़ताल को भारत पाकिस्तान युद्ध के बाद उत्पन हुई गम्भीर सिथति को देखते हुए 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल स्थगित कर दी गई है और अब नौ जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी। 20 मई को पूरे देश में जिला स्तरीय प्रदर्शन किए जाएंगे, क्योंकि केन्द्र सरकार ने 40 श्रम कानून खत्म करके चार लेबर कोड बना दिए हैं। सरकार चार लेबर कौड को जल्दी लागू करने की कोशिश में है। सरकार ने रिटायर कर्मचारियो को भी आठवें वेतन मान से वंचित कर दिया है। विभागों को पूंजीपतियों को सौंप रहे है। आगनवाडी, आशा, मिड डे मील जैसे महत्वपुर्ण विभागो का भी निजीकरण करने की तैयारी में है। परियोजना कर्मचारियों व ग्रामीण चौकीदारों, सफाई कर्मचारियों व वन मजदूरों को 26 हजार रुपए न्यूनतम वेतन तक नही मिल रहा है, इसलिए सीटू से संबंधित कर्मचारी 20 मई को जिला स्तरीय प्रदर्शन में भाग लेंगे। इस अवसर पर नीरू, कविता, सुदेश, निशा, ममता, रूपा राणा, बिजनेश राणा, शिमला, सुरेश , विक्रम, मदन कलरा, कली राम, जोगीन्दर, राजीव, ममता, बबीता व मंजूद मौजूद रहे।



## भोलेनाथ को पंचामृत स्नान करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

श्रीराम मंदिर सेक्टर आठ में हर रविवार की भांति अमृत बेला मे शिव स्तुति का सामुहिक पाठ किया गया। श्रीनर्मदेश्वर महादेव को दूध, दही, घी, शक्कर व शहद से पंचामृत स्नान करवाया गया। सभी श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का पुष्प शृंगार किया। भजन गाकर भोलेनाथ को रिझाया गया। वीना सेठ ने जादूगर श्याम मेरा दिल लूट ले गया सोहना जिया मुखड़ा मैं देखदा ही रह गया भजन गाया। अनु खट्टर ने मिल गया मिल गया मुझे प्यारा सत्संग मेरे पिछले जन्म के हैं अच्छे कर्म तेरी कृपा हुई कि मेरी विपदा टली भजन गाया। सुशील मदान ने हमें भोले को रिझाना है दिल में बसा कर अपना बनाना है भजन गाया। सामुहिक रूप से भोलेनाथ की आरती की गई। पंडित हरीश शास्त्री ने मंत्रों उच्चारण एवं विधि विधान से पूजा अर्चना करवाई।

सायंकाल में श्री सुंदरकांड पाठ किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान अशोक मदान, वेद दुआ, महावीर, कैलाश, सोमवती, मदनलाल गुप्ता, कृष्ण गुप्ता, राजरानी, सीमा कंसल, अंजु अरोड़ा, रेखा गोयल, अक्षय ग्रोवर, तरसेम गुप्ता, सीमा बंसल, डा. आरके सचदेवा, राजरानी सचदेवा, संजीव ढींगरा, उषा ढींगरा, चंद्र बत्रा, सरिता गुप्ता, अनिल छाबड़ा व सर्वेश आदि मौजूद रहे।

## आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें अधिकारी: हरविन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭घरौंडा

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष व घरौंडा विधायक हरविन्द्र कल्याण ने रविवार को जन सुनवाई के क्रम में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस घरौंडा में आमजन की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से आए हुए लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

जन सुनवाई में लोगों ने मुख्य रूप से सडक़, पानी, बिजली, सीवरेज और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित मुद्दों को उठाया। समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर श्री कल्याण ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने उन्हें तीसरी बार विधायक चुना है और केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें हरियाणा विधानसभा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनका प्रयास है कि अधिकांश समस्याओं का समाधान मौके पर ही हो जाए, ताकि लोगों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। श्री कल्याण ने कहा कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। वह स्वयं समय-समय पर इनकी मॉनिटरिंग करते हैं, क्षेत्र की जनता को अधिक से अधिक विकास परियोजनाओं की सौगात मिले, इसको लेकर वे निरंतर प्रयासरत हैं।



- हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस घरौंडा में सुनीं आमजन की समस्याएं

# सदाबहार गीतों से भरी महफिल सजाई एमबीकेसी ने

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

- गीतों की मधुर अवाज पर लोगों ने लिया थिरक कर आनंद

मंगल सैन सभागार परिसर में गीतों की सदावहार महफिल सजाई गई। इसका संयोजन मनिंदर बब्बू कैरोके क्लब द्वारा किया गया। इस महफिल में हर उम्र बर्ग के गायकों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। काफी दे र तक चली इस महफिल में चालीस से अधिक कलकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी जरनैल सिंह तथा विशिष्ट अतिथि शिवानंद थे। कार्यक्रम के परियोजना संचालक अपवतार सिंह तारी और रणजीत गिल थे। कार्यक्रम का आगाज अतिथियों ने दी प्रज्जवलन के साथ माता सरस्ती की प्रमि पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में गीतों से भरी सतरंगी महफिल का आगाज मनिंदर बब्बू ने लोकप्रिय गीत गाकर किया। इसी तरह अरविंदर सिंह ने भी गीत प्रस्तुत किया। मंच संचालन मनिंदर बब्बू तथा अंजली शर्मा ने किया। इस अवसर पर अरुण राजपाल, अवतार सिंह तारी, अनिरुद्ध कालड़ा, कंवल कुमार, योगेदिंर सिसोदिया, विजय शर्मा,दवेंद्र अरोड़ा, रश्मि थापर, अजय कुमतार जैन, राकेश बंसल,चिनोद



भाटिया, प्रदीप त्यागी सहित तमाम कलाकरों ने अपनी गायन शैली का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अवतार सिंह तारी ने बताया कि मनिंदर बब्बू कैरोके क्लब देश की जानी मानी कलाकर मनिंदर बब्बू द्वारा संचालित किया जा रीहा है। उनके द्वारा शहर के कई कलाकारों की प्रतिभा को तराशा गया हैं। इस क्लब द्वारा गीतों की महफिल आयोजित की जाती रहती है। मनिंदर बब्बू ने अब तक सैकड़ों लोगों को तैयार किया हैं। उनके क्लब द्वारा गायन की बारीकियां सिखाई जाती है।

## छह से 22 साल के बच्चे मोबाइल फोबिया के शिकार

# एंड्रोइड थमा कर मां बाप ने बच्चों को बना दिया नशेड़ी

- बच्चों को पैसा कमाने की संवेदनहीन मशीन नहीं बेहतर इंसान बनाएं
- शिक्षा सिस्टम बना रहा हैं मानसिक रूप से कमजोर, संघर्ष से भागने वाले युवा
- शिक्षकों का हर साल हो साइकोलोजीकल टेस्ट, स्कूलों में हो पेरेंटियल औंर बच्चों की हो करियर काउसंलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



परीक्षा परिणाम निकलने के बाद खबर आती हैं कि अमुक बच्चे ने आत्म हत्या कर ली। अमुक छात्रार ने कम नंबर आने पर नहर में कूद कर जान दे दी। इस तरह की खबरें आम हैं देश के एक प्रतिष्ठित संस्थान में तो अब तक सैकड़ों बच्चे आत्म हत्या कर चुके हैं। बच्चे अकेलेपन की समस्या से गुजर रहे हैं। देश के प्रतिष्ठित संसथानों के बच्चे नशे का शिकार हो रहे हैं कारण प्रेशर बहुत है।

आज के दौर में बच्चा जब से जन्म लेता हैं तब से उस पर प्रेशर रहता हैं। आज तनाव और स्पर्धा के दौर में बच्चे और युवा लगातार डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। सबसे अधिक विद्यार्थियों में असुरक्षा की भावना घर कर रही हैं। उन पर अभिभवकों की महत्वाकांक्षा गलाकाट स्पर्धा लादी जा रही है। इसमें उनका बचपन और सांवेदना खत्म हो रही हैं। जिस तरह से छह साल से 22 साल तक के विद्यार्थयों पर मां बाप की महत्वाकांक्षा भारी पड़ती दिख रही हैं। 75 प्रतिशत स्टूडैंट पर मोबाइल भारी पड़ रहा है। विश्व मैंटल हैल्थ दिवस पर प्रदेश के जाने माने कैरियर काउसंलर तथा विद्यार्थियों के मनौविज्ञान के विशेषज्ञ मिहिर वैनर्जी से बात की उन्होंने कहा कि माता पिता ने बच्चों को इसी तरह से मोबाइल दे दिया हैं। जिस तरह से नशेडी को नशा दे दिया हैं। बच्चे आठ से दस घंटे मोबाइल पर रील देख्रते हैं। उनके मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा हैं। उन्होंने बताया कि दंपत्ति माता पिता तो बन जाते हैं, लेकिन बच्चे के कुशल अभिभावक नहीं बन सकते हैं। आज बच्चे को अपनी महत्वाकांक्षा की कठपुतली या खिलोना बना दिया हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों पर जिस तरह से बच्चों के लिए कक्षा तीसरी से कोचिंग तक दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा पर जिस तरह सो बाजार बना दिया हैं। उसके रहते आने वाले दिनों में गर्भ अवस्था में डाक्टर इंजीनियर प्रबंधक के टीके दिए जाएंगे।

### बच्चों की जड़ों को करना चाहिए मजबूत

डिप्रेशन के साए में यदि डाक्टर बनता हैं। तो वह मरीज को बोझ मानता हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत में परिवार को खत्म करने के लिए इंटरनेशनल साजिश की जा रही हैं। हमारे मूल्य, संस्कृति हमारी धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि मां-बाप को बच्चों की जड़ों को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने बताया कि आज बच्चों को जड़ों की तरफ लेजाने की जरूरत हैं। उन्होंने बताया कि माता पिता को बच्चों के लिए आदर्श तय करना होगा। आज बच्चों की मनौविज्ञान को समझने के लिए अध्यापक बच्चों के लिए आदर्श बनें। बच्चों को परीक्षा फीवर से बचाएं। उन पर अपने टूटे हुए सपने नहीं थोंपे। बच्चों को पैसा कमाने की मशीन की बजाए उन्हें इंसान बनाएं। आज शिक्षा के क्षेत्र में नॅक्सेस काम कर रहा हैं। जो अपने फायदे के लिए बच्चों को बर्वाद कर रहा हैं। करोड़ों रुपया कमाने के लिए बच्चों को हथियार बनाया जा रहा हैं। बच्चों का विकास थम गया हैं। यहीं कारण है बच्चे मानसिक रूप से कमजोर हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### पौधरोपण के लिए जगह का करें चयन

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के विकास को लेकर संचालित की जा रही योजनाओं को और गति देने की आवश्यकता है। सरपंच गांव में जिला परिषद द्वारा किए जा रहे विकास कार्य को चेक कर सकता है। उन्होंने कहा कि आगामी समय में बारिश का मौसम नजदीक है, सभी नाले व गालियों की सफाई रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हमे अभी से पौधरोपण के लिए भी जगह का चयन करना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि गांव को पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए जोरदार प्रयास करने की आवश्यकता है। सभी सरपंचों को चाहिए कि वे कूड़े करकट को, पॉलिथीन को एक जगह डालना सुनिश्चित करें ताकि जरूरत पड़ने पर उसका उपयोग किया जा सके।

### बुजुर्ग महिला की बाली झपटी

**पानीपत।** पानीपत के अंसल सुशांत सिटी में गाड़ी सवार युवक व दो महिलाओं ने घर के बाहर टहल रही बुजुर्ग महिला राजेंद्र कौर को बहाने से अपनी गाड़ी के पास बुलाया और उसकी कान से बाली झपटकर फरार हो गए। इधर, हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने राजेंद्र कौर के पुत्र मलकीयत सिंह गोराया की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना से राजेंद्र कौर दहशत में है।

### महिला का सोने का कड़ा छीना

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 13-17 में आयोजित सत्संग को सुनने जा रही पुष्पा को कार सवार दो महिलाओं व एक युवक ने लिफ्ट दी और उन्होंने पुष्पा को नशीला पदार्थ सुंघाकर उसका सोने से बना 22 ग्राम वजनी कड़ा निकाल लिया। इधर, पुष्पा की शिकायत पर हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने तीन लोगों पर केस दर्ज किया और उनकी तलाश शुरू कर दी है। इधर, पुष्पा ने बताया कि उनके कडे की कीमत करीब सवा दो लाख रूपये है।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**पानीपत।** सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार सोमवार 19 मई को दोपहर बाद 2 बजे जिला सचिवालय के द्वितीय तल सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने दी।

### योग से शरीर रहना है निरोगः भारती

**पानीपत।** पानीपत के सुखदेव नगर पार्क में चल रहे सात दिवसीय योग शिविर रविवार को समापन हो गया। वीर गोयल कार्यकारणीय सदस्य पतंजलि और असिस्टेंट भारती ने योग कराया तथा खानपान के बारे में समझाया। इस अवसर पर अनीता गुप्ता, नीरू जैन, रमेश कपूर, किसान प्रभारी जिला पतंजलि रामपाल शर्मा, अनिता बंसल, संतोष प्रभा, सुभाष नारंग, सागर कालड़ा, अश्वनी, अशोक धमीजा, पवन जैन, अशोक, विजय, अशोक, रमेश बजाज, तेजेंद्र उर्फ पप्पी जुनेजा आदि उपस्थित रहे।

### बच्चों का सामूहिक जन्मदिन मनाया

**पानीपत।** मई माह में जन्मे बच्चों का सामूहिक जन्मदिन जैन किड्स स्कूल में मनाए गए। सभी लिटिल चैम्पस को जन्मदिन की शुभकामनाए दी गई। इस अवसर पर स्कूल को रंग-बिरंगे गुब्बारों, झालरों आदि से सजाया गया था। इस उत्सव में संगीत और स्वादिष्ट केक भी शामिल था। वहीं, बच्चों ने नृत्य, गायन का आनंद उठाया।

### ज्ञान गंगा स्कूल के छात्र छाए

**पानीपत।** पानीपत की ऊझा रोड की एकता विहार कालोनी स्थित ज्ञान गंगा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का हरियाणा शिक्षा बोर्ड की दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के 80 बच्चों ने दसवीं की परीक्षा दी तथा सभी उर्तीण रहे। इसमें 24 बच्चे मेरिट में रहे। जिसमें मोनिका, प्रिया, अंशु, छवि, खुशबु, काजल,रचित, निशांत, अन्वेश व नीरज शामिल रहे। अच्छे परिणाम के लिए स्कूल के प्रबंधक सुरेंद्र सिंह ने सभी विद्यार्थियों व स्टाफ को बधाई दी।

---


आजगनी की घटना को तत्काल काबू करेगी दमकल

# पानीपत की बरसत रोड पर फायर बिग्रेड प्वाइंट बनाया

स्किल डेवलपमेंट सेंटर शिलान्यास किया, पक्षी घर के निर्माण का शुभारंभ

- मंत्री महीपाल ने देश की सुरक्षा वाहिनी संस्थाओं के पराक्रम और शौर्य की भी जय जयकार की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत



पानीपत। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा का स्वागत करते गोभक्तजन आदि। फोटो :हरिभूमि

पानीपत की बरसत रोड स्थित श्री राधा कृष्ण गोशाला परिसर में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के प्रयासों से अग्नि सुरक्षा हेतु फायर ब्रिगेड की गाड़ी का स्थायी स्टॉपेज स्थापित किया गया। इससे बरसत रोड एवं आसपास के क्षेत्रों में आग लगने की स्थिति में तुरंत राहत उपलब्ध कराई जा सकेगी। वहीं गोशाला परिसर में युवक एवं युवतियों के लिए एक स्किल डेवलपमेंट सेंटर की नींव भी रखी गई। जिसकी देखभाल भारत विकास परिषद लव कुश शाखा द्वारा की जाएगी। साथ ही यहां एक पक्षी घर का निर्माण भी किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में पक्षी निवास कर सकेंगे। मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि गो, मानव, पक्षियों यहां तक की चींटियों के लिए भी भोजन एवं पानी की व्यवस्था भारतीय संवेदनशीलता और सर्वकल्याण की भावना का प्रतीक है। उन्होंने इस दिशा में किए जा रहे सभी प्रयासों की सराहना की। गोशाला में संजीव जैन की देख रेख में हॉस्पिटल से जुड़ी डिस्पेंसरी का संचालन भी लोक हित में किया जा रहा है, न्यूनतम या निःशुल्क भी सहायता दी जाती है। मंत्री महीपाल ने देश की सुरक्षा वाहिनी संस्थाओं के पराक्रम और शौर्य की भी जय जयकार की। गोशाला में भारत विकास परिषद की रानी लक्ष्मीबाई शाखा और गौ शाला के संयुक्त सहयोग से साधनहीन परिवारों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है।

बच्चों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर मंत्री का स्वागत किया गया तथा सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र का पाठ किया गया। इस अवसर पर गौ शाला के प्रधान राजीव जैन, अनिल जैन, वीरेंद्र शर्मा, अतुल कंसल, मनोज जैन, संजीव जैन, जगदीश जैन, श्री राम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा, महेन्द्र कंसल, अरुण मलिक, राजपाल, सुरेंद्र परुथी, सुनील चिन्दा, नेहा शर्मा, अंजना गुप्ता, सुरेश गुंबर, दिनेश बंसल, दिनेश खुराना, चमन गुलाटी, सुभाष गुलाटी, हरबंस आनंद, राहुल सिंगला, मानव गिरधर, लकी अरोड़ा, पुनीत जैन, बिजेन्द्र मलिक, मदन रावल, विनय जैन, लोकेश भाटिया, अजय जैन, भरतेश जैन व अजय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

---



समालखा। में एक देश, एक चुनाव का समर्थन करते हुए भाजपा नेता रेखा गोयल आदि। फोटो : हरिभूमि

## भारत के विकास को जरूरी है एक देश, एक चुनावः रेखा

- एक ही समय पर चुनाव होने पर राजकोष की बचत होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। समालखा

समालखा में रविवार को भाजपा की शहरी मंडल अध्यक्ष रेखा गोयल की अध्यक्षता में एक देश, एक चुनाव कार्यक्रम के तहत लाइन पार वार्ड नंबर 16 में कार्यक्रम किया गया। जिसमें लोगों से वन नेशन वन इलेक्शन बारे जानकारी दी गई एवं लोगों की प्रतिक्रियाएं ली गई। जिसमें सभी लोगों ने वन इलेक्शन वन नेशन पर सहमति प्रदान की। रेखा गोयल ने कहा एक देश-एक चुनाव कराने से केंद्र के राजकोष की बचत होगी। क्योंकि, हर पांच साल में लोकसभा चुनाव के साथ-साथ विधानसभा चुनावों का भी आयोजन किया जाता है। जबकि देश में हर साल अलग-अलग समय पर विधासनभा चुनाव होते हैं। इसकी जिम्मेदारी भारतीय निर्वाचन आयोग की होती है। एक ही समय पर चुनाव होने पर राजकोष की बचत होगी। इस अवसर पर वार्ड नंबर एक के पार्षद संजय गोयल, रॉकी वर्मा, रविंद्र सेन, राहुल बाजवा, नमन, सोनू गुर्जर, राजेश लठवाल, विजेंद्र अग्रवाल, राजू बाजवा, देवीलाल, नवीन, बिजेंद्र, महावीर सिंह, प्रेमचंद आदि अनेक सदस्यों ने एक चुनाव एक देश भर सहमति प्रदान की।

---

## कमेरे वर्ग की हितैषी पार्टी है इनेलो : भालसी

- इनेलो ने चौधरी प्रेम सिंह फिर बनाया प्रदेश का प्रधान महासचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत



इनेलो ने चौधरी प्रेम सिंह भालसी का अभिनंदन करते हुए इनेलो नेता आदि।

इनेलो ने चौधरी प्रेम सिंह भालसी को एक बार फिर पार्टी का प्रधान महासचिव हरियाणा (किसान सैल) नियुक्त किया है। वहीं, इनेलो नेताओं व कार्यकर्ताओं समेत बडी संख्या में समाजसेवियों व उद्यमियों ने चौधरी प्रेम सिंह भालसी को फूल माला पहनाकर उन्हें बधाई दी और जनसाधारण को लड्डू बांटे। वहीं, प्रेम सिंह भालसी ने बताया कि इनेलो, ताऊ देवीलाल द्वारा कमेरे वर्ग के हित के लिए बनाई हुई पार्टी है उनके सपनों को पूरा करना हम सब का कर्तव्य है। ताऊ देवीलाल ने सदैव 36 बिरादरी के लिए काम किए। उन्होंने किसान-कमेरे के हित के लिए अनेकों योजनाएं बनाई। जिनका आज हर घर में लोगों को लाभ पहुंच रहा है।

## ब्राह्मण समाज एकजुट होः ऋत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत



ब्राह्मण महासंघ हरियाणा के पदाधिकारीगण बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

ब्राह्मण महासंघ हरियाणा के संरक्षक एडवोकेट ऋतु मोहन की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में ऋत मोहन ने कहा कि ब्राहमण समाज को एक जुट होना चाहिए। वहीं बैठक में सर्वसम्मित से छह जुलाई को जिला स्तर पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र शर्मा, डॉ. रोहित शर्मा, सुधीर शर्मा, आरपी कौशिक, संजीव भारद्वाज, मुकेश शर्मा, कृष्ण शर्मा, महावीर शर्मा, विजय शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, अनिल विश्वास तिवारी, महावीर आदि मौजूद रहे।

---

## अमृत सरोवर फेज-टू का शुभारंभ पानीपत से

- केंद्रीय विकास एवं पंचायत मंत्री शिवराज चौहान 27 मई गांव जलमाना से करेंगे उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

भारत सरकार के विकास एवं पंचायत मंत्री शिवराज चौहान बापौली के जलमाना गांव से 27 मई को अमृत सरोवर फेज-2 की शुरुआत करेंगे। इसको लेकर भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के निदेशक पी शिवा शंकर ,प्रदेश के पंचायत विभाग के निदेशक जे.के. अभीर ने रविवार को गांव जलमाना का दौरा कर कार्यक्रम के आयोजन हेतु अवलोकन किया और अधिकारियों से विचार विमर्श किया। इस मौके पर डीडीपीओ राजेश शर्मा, जिला परिषद की डिप्टी सीईओ कंचन लता, बीडीपीओ शक्ति सिंह,एसडीओ राकेश कुमार,प्रोजेक्ट ऑफिसर रण सिंह वर्मा,ग्रामीण विकास मंत्रालय से कंसल्टेंट निधि और सरपंच पूनम इत्यादि उपस्थित रहें।

## बुजुर्गों को कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत



विश्व जागृति मिशन के कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए डॉ. जगजीत। फोटो : हरिभूमि

विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल द्वारा श्री सिद्ध बाबा काशी गिरी मंदिर में वरिष्ठ नागरिकों को सरकारी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य प्रवक्ता नीलम दत्ता एवं भाजपा के मीडिया प्रभारी ईश कुमार राणा रहे। इन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के चलाई जा रही सरकारी योजनाओं वरिष्ठ नागरिक पहचान पत्र, सीनियर सिटीजन आयुष्मान योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, गाड़ी, बस एवं हवाई यात्रा में किराए की छूट, आवेदन किया जा सकता है। इस अवसर पर अनिता शर्मा, बीके सुमन, वीरा गोयल, मिशन के मीडिया प्रभारी भीम डूडेजा, हरीश नागपाल, रमेश आर्या, भारती बहल, मंजू भांबरी, रिचा खुराना, गणेश ठाकुर, रमेश ढींगरा, सालिग राम, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

## काबडी व सींक गांवों में बनेगी माडर्न पीएचसी

- दोनों के निर्माण पर आठ करोड़ की लागत आएगी, हजारों ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। इसराना

स्वास्थ्य विभाग गांव सींक व काबड़ी में नई माडर्न पीएचसी बनाएगा। चार-चार करोड़ रुपये से बनने वाले इन भवनों के लिए बजट जारी हो चुका है। स्वास्थ्य विभाग इस राशि को पीडब्ल्यूडी को जारी करेगा। दोनों ही केंद्रों में अत्याधुनिक इमरजेंसी वार्ड, ओटी व प्रसूति वार्ड बनेगा। इन केंद्रों का लगभग 30 हजार लोगों को लाभ मिलेगा। इनके अलावा यहां लैब भी बनेगी। ये केंद्र और मैन पावर बढ़ने से जिला नागरिक अस्पताल का कार्यभार कम होगा। फिलहाल जिले में दो सरकारी अस्पताल, सात सामुदायिक केंद्र व 17 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। स्वास्थ्य विभाग गांव ग्वालड़ा और सनौली खुर्द में नए स्वास्थ्य केंद्र बना रहा है।

---

## बेटियों को शिक्षित कर विकास के अवसर दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶। समालखा



समालखा में समाजसेवी विपिन छाबडा मेधावी छात्रा जसलीन कौर को सम्मानित करते हुए।

समालखा के वार्ड 11 निवासी जसलीन कौर पुत्री मनजीत सिंह ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा में बिना कोचिंग के 500 में से 479 अंक लेकर अपना, अपने परिजनों, समालखा, पानीपत जिला का नाम रोशन किया है। वहीं, वार्ड के पार्षद पति समाजसेवी विपिन छाबड़ा ने जसलीन कौर को सम्मानित किया और उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। वहीं, विपिन छाबडा ने छात्रा स्नेहा धनखड़ पुत्री कृष्ण धनखड़ ने 12वीं की बोर्ड परीक्षा में बिना कोचिंग के 500 में से 470 अंक लाने पर सम्मानित किया उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। विपिन छाबडा ने कहा कि हर परिवार को अपनी बेटियों को शिक्षित कर उन्हें भी विकास के अवसर देने चाहिए। नारी का जितना अधिक सशक्तिकरण होगा भारत उतनी जल्द ही विकसित राष्ट्र बनेगा।

### पीएचसी बनने से हजारों ग्रामीणों का लाभ होगा

**पानीपत** स्वास्थ्य विभाग के विकास मामलों के नोडल अधिकारी ने बताया कि गांव काबड़ी व सींक में माडर्न पीएचसी केंद्र बनेंगे। इनमें अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। लोगों को इलाज के लिए जिला नागरिक अस्पताल नहीं आना पड़ेगा। उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर सुविधाएं मिलेंगी। जबकि गांव कालखा, भादड़, रिसालू, डिडवाडी, बांध, बलाना, दीवाना और पसीना में चल रहे हेल्थ वेलनेस सेंटर को अपग्रेड किया जाएगा। इनके अलावा स्वास्थ्य विभाग शहर में भी आठ स्थानों पर हेल्थ वेलनेस सेंटर खोलने का प्रयास कर रहा है, लेकिन भूमि तलाशने में दिक्कत आ रही है।

## क्रिकेट में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

- स्वैट बॉक्स क्रिकेट क्लब ने डीएम इलेवन को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत



गुरूकुल दर्पण क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए दीपक मलिक।

डीआर इंटरनेशनल स्कूल क्रिकेट मैदान गांव काकोदा जिला पानीपत में गुरूकुल दर्पण 60 क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत खेले गये मैच में स्वैट बॉक्स क्रिकेट क्लब दिल्ली ने डीएम इलेवन को 28 रन से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्वैट बॉक्स टीम ने देवांश गुप्ता के 102 व असीम साहिल के 50 रनों की मदद से 20 ओवर में 7 विकेट पर 228 रन बनाये। डी एम इलेवन के लिये मनदीप रोहिला ने 2 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए डी एम इलेवन टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 200 रन ही बना सकी, हरदीप ने 71 व टीनू ने 39 रन बनाये, ध्रुव सोनी ने 4 विकेट लिये। इस अवसर पर डीआर संस्था के चेयरमैन कपिल, पवन, दीपक, अमित, सुमित, जयबीर आदि मौजूद रहे।

---

**भक्ति** बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री को सुनने उमड़े श्रद्धालु

जो भक्त बहुत जोर-जोर से कीर्तन गाता है, उसके कीटाणु बाहर आ जाते हैं

# कोई आज बनेगा, कोई कल बनेगा मेरे बालाजी का भक्त जरूर बनेगा..

- हां में हां मिलाने वाले सचिव को कभी अपने साथ मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत



रेवाड़ी। बागेश्वर धाम के बाबा पंडित धीरेंद्र शास्त्री का स्वागत करते हुए पंडित विजय वशिष्ठ महाराज। *फोटो: हरिभूमि*

बागेश्वर धाम के बाबा पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने रविवार को श्री हनुमंत कथा का शुभारंभ सत्यम शिवम सुंदरम भजन के गायन के साथ करते हुए कहा कि कोई आज बनेगा, कोई कल बनेगा, मेरे बालाजी का भक्त जरूर बनेगा। वहीं, जो भक्त बहुत जोर-जोर से कीर्तन गाता है, उसके कीटाणु बाहर आ जाते हैं। जो धीरे-धीरे गाता है, उसके भीतर चले जाते हैं। इसीलिए जोर-जोर से भजन गाओ। उन्होंने कहा कि आज ज्यादातर लोग पर्ची के चक्कर में आए हैं, लेकिन हम भी इतने बदमाश हैं कि तुम्हें हनुमान जी की पर्ची थमा दी। पहले हनुमान जी का गुणगान होगा, फिर पर्ची निकालेंगे। उन्होंने कहा कि हां में हां मिलाने वाले सचिव को कभी अपने साथ मत रखना। ऐसा सचिव होना चाहिए, जो नेता को साफ बताए कि नेता जी यहां तो ठीक है, लेकिन दूसरे वार्ड में हम हार रहे हैं, वहां 20 वोट गड़बड़ में हैं। उन्हें संभालो। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं, हमने ये कर दिया, वो कर दिया। अबे ठठरी के बारे, तूने क्या किया। भगवान ने करवाया तो तूने किया। गले में सोने की चेन पहनोगे तो चोर की नजर पड़ेगी, अगर तुलसी की माला पहनोगे तो चित्तचोर की नजर पड़ेगी। उन्होंने कहा कि ज्ञान है तो ही विज्ञान है। इसके मद्देनजर हर बच्चे को शिक्षित करो, शिक्षा ही इंसान की तरक्की की राह है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, प्रसिद्ध निर्यातक रामनिवास गुप्ता, सतीश गोयल, आचार्य निर्मल शास्त्री, आयोजन समिति के जिला प्रधान सतीश गौतम, महासचिव सुरेश काबरा, भाजपा नेता गजेंद्र सलूजा, गुलाब पांचाल, हरिओम तायल, नरेश सिंगला, पंडित विजय वशिष्ठ समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### आतंकवाद का खात्मा जरूरी

**पानीपत।** नॉर्थ इंडिया एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रीवेंशन आग्रेनाइजेशन की बैठक लतीफ गार्डन स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक की अध्यक्षता में हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक ने कहा कि देश से आतंकवाद का खात्मा जरूरी है। बैठक में राजपाल कश्यप, मांगेराम मलिक, देवेंद्र कुमार, कर्मवीर मलिक, देवेंद्र राणा, शंभू यादव, डॉ सोहनलाल परमजीत जागरण दीपक मित्तल सरदार जगजीत सिंह कमलजीत सिंह संदीप शर्मा सुनीता कश्यप सोनू सहगल वैशाली आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### मॉडल स्कूल के छात्र मेरिट में

**पानीपत।** पानीपत के नूरवाला स्थित राजकीय मॉडल हाई स्कूल के दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय के कुल 97 विद्यार्थियों ने दसवीं की परीक्षा दी थी, जिसमें से 96 विद्यार्थी पास हुए। जबकि विद्यालय में प्रथम स्थान अमित कुमार ने 446 अंक से, द्वितीय स्थान अभिषेक ने 436 अंक, तृतीय स्थान पर आंचल 414 अंक व चौथे स्थान पर सौरव 402 अंक के साथ रहे। प्रधानाचार्य विनोद सिंगला ने पास हुए विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### केमा स्कूल का रिजल्ट अच्छा रहा

**पानीपत।** केमा पब्लिक स्कूल का दसवीं कक्षा का हरियाणा बोर्ड का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। प्रिंसिपल राजबीर सिंह ने बताया कि कुल 31 विद्यार्थियों में से पांच छात्रों ने 91 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। सुहानी ने सबसे ज्यादा 92.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। प्रिंसिपल राजबीर सिंह ने कहा कि विद्यालय ने इस वर्ष भी 10वीं कक्षा का शानदार परिणाम दिया है। कुल 31 स्टूडेंट में से 23 छात्रों ने मेरिट प्राप्त की।

# साइकिल तिरंगा यात्रा ने दिया समाज में एकता, भाईचारे का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

भारतीय योग संस्थान द्वारा आयोजित की गई साइकिल तिरंगा यात्रा में भारी संख्या में समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों ने जोश एवं उत्साह के साथ हिस्सा लिया। भारतीय सेना के शौर्य और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर साइकिल सवारों ने उत्साह के साथ यात्रा में लिया हिस्सा। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ महिला पुलिस थाना की एएसआई पूजा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

इस अवसर पर कनिका अग्रवाल, मीनाक्षी वालिया, अंजू सैनी, कविता और नवजीत कौर ने मुख्य अतिथि का पारंपरिक रूप से पटका पहनाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया। इस उपरांत साइकिल तिरंगा यात्रा में शामिल सभी योग साधकों और नगरवासियों को भी तिलक लगाया गया जिससे देशभक्ति का वातावरण और भी भावविभोर हो गया। इस अवसर पर एएसआई पूजा ने कहा कि इस यात्रा में शामिल बच्चों, महिलाओं, युवाओं, पुरुषों तथा बुजुर्गों ने जोश एवं उत्साह से भाग लेकर यह दिखा दिया है कि हम सब भारतीय एक है और हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमें जोड़ता है। हमें अपनी सेनाओं के शौर्य और पराक्रम पर गर्व है जिसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ऑप्रेशन सिंदूर के दौरान सफलता पूर्वक आंतकवादियों को उनके ठिकानों में धवस्त करने का काम किया है। भारतीय योग संस्थान के जॉन प्रधान संजय धीमान ने यात्रा के सफल आयोजन हेतु बच्चों, महिलाओं, नगरवासियों, दूधली प्राचीन शिव मंदिर समिति, हुसैनी ग्राम पंचायत तथा श्री कृष्ण गोशाला प्रबंधन समिति का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति और बच्चों की भागीदारी ने इस यात्रा को और भी गौरवशाली बना दिया।





साइकिल यात्रा में भाग ले रहे अहलुवालिया सभा के प्रधान मुकेश वालिया ने कहा कि भारतीय योग संस्थान द्वारा साइकिल तिरंगा यात्रा का आयोजन करके समाज में एकता, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया है। बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट राजबीर सिंह रामपुर ने कहा कि साइकिल तिरंगा यात्रा से लोगों में जोश एवं उत्साह भरने का काम किया है। तिरंगा यात्रा नागरिकों के लिए सांस्कृतिक एवं भावनात्मक जुड़ाव है। हवलदार नवजीत कौर ने बताया कि उन्हें तिरंगा यात्रा की जानकारी मिली तो वे अपने आपको इस यात्रा में शामिल होने से रोक नहीं पाई। वे अपने बेटे के साथ इस यात्रा में भाग ले रही है। अध्यापिका रीटा ने कहा कि योग ने हमें अनुशासन और संयम सिखाया है, राष्ट्र ध्वज तिरंगे ने हमें एकजुटता का पाठ पढ़ाया है।

## यात्रा के दौरान शहीद कृष्ण चंद वालिया लांस नायक की प्रतिमा को नमन किया

यात्रा के पहले पड़ाव पर नवाब जस्सा सिंह अहलूवालिया पार्क के पास स्थित शहीद कृष्ण चंद वालिया, लांस नायक की प्रतिमा को नमन किया गया। इसके उपरांत नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पर नेता जी की प्रतिमा को नमन कर यात्रा आगे रवाना हुई। यात्रा साईं मंदिर से होते हुए प्राचीन शिव मंदिर दूधली पहुंची जहां बार एसोसिएशन के प्रधान राजबीर सिंह ने यात्रा का स्वागत किया। यहां पर नंबरदार भूपेन्द्र सिंह, गोपी हुसैनी सहित ग्रामवासियों ने भी उत्साह एवं जोश के साथ यात्रा का स्वागत किया। गांव हुसैनी में पहुंचने पर सरपंच प्रतिनिधि वीरेंद्र, पूर्व सरपंच रामकरण, नरेंद्र सिंह बबली, कमलदीप भट्टी सहित अन्य ग्रामीणों ने यात्रा का स्वागत किया। श्री कृष्ण गोशाला पहुंचने पर प्रबंधन समिति के सदस्य पार्षद प्रदीप गोयल, भगत रामकुमार रामू, पंकज सागर तथा मुकेश सहित अन्य सदस्यों ने सेना के शौर्य की जयकारों के साथ योग साधकों एवं यात्रा के प्रतिभागियों का अभिनंदन किया।

### इन्होंने किया सेना के शौर्य को सलाम

इस अवसर पर केंद्र प्रमुख राजेश शर्मा, योग साधक मनोज वालिया, राजेश वर्मा, धर्मवीर कौशिक, एडवोकेट लाजपत भारांपुर, हरीश शर्मा, अजीत त्यागी, रामनाथ धीमान, पंडित रमाशंकर, अजय धीमान, अमित वालिया, मानसिंह, सुरेश गोयल, कनिका अग्रवाल, मीनाक्षी वालिया, नीलम, ईशा टंडन, नरेंद्र, नविता, हरिवंश,रेणुका, संजय, तेजस वालिया, नैतिक, वैभव, अन्वी, मानवी, वैभव ने सेना के शौर्य को सलाम किया।

## खबर संक्षेप

### महक को फिजिकल में मिले शत प्रतिशत नंबर

**बराड़ा।** राजकीय उच्च विद्यालय सोहाता का इस वर्ष का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 100% रहा। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक परीक्षा उत्तीर्ण की। कक्षा 10 वी में स्तुति प्रयाग ने 407 अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया तो वहीं, लगन ने 400 अंक लेकर दूसरा स्थान पाया और श्रुति ने 399 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। महक ने हेल्थ एंड फिजिकल एजुकेशन विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए।

### कक्षा दसवीं के 16 छात्र रहे मेरिट में

**बराड़ा।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10 वीं के परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव थंबड़ के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा दसवीं की छात्रा रजनी ने 381 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। आरजू ने 378 अंक लेकर द्वितीय स्थान तो वहीं सिमरन अंटवाल ने 377 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन तीनों विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया। विद्यालय की कुल 16 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की।

### अधोया से व्यक्ति हुआ लापता, सुराग नहीं

**बराड़ा।** गांव अधोया मुसलमान से एक व्यक्ति के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। गांव की महिला नीलम ने थाना बराड़ा में शिकायत दर्ज करवाई है कि उसके पति प्रदीप कुमार 16 मई 2025 की सुबह लगभग 5 बजे बिना किसी को कुछ बताए घर से चले गए और अब तक उन्होंने अपने तौर पर तलाश की लेकिन उनके बारे में कोई भी सुराग नहीं लग पाया है।

### शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**बराड़ा।** पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब की बोतलें बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर की। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बराड़ा का बलविंद्र कुमार सरकपुर रोड से बराड़ा की ओर अवैध शराब बेचने के लिये आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया।

# मुख्य अभियंता ने ट्विन सिटी में चल रहे विकास कार्यों का किया मुआयना

## बरसाती सीजन से पहले बाढ़ से निपटने की कसरत, सफाई कार्य जोरों पर चल रहा

अधीक्षक अभियंता ने बताया कि अंबाला के दोनों शहर घग्गर और टांगरी नदी के बीच पड़ते हैं । यहां पर बाढ़ व जल भराव की स्थिति की आशंका बनी रहती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** बाढ़ से निपटने के लिए चल रहे कार्य का निरीक्षण करते मुख्य अभियंता। फोटो : हरिभूमि

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता राजीव बातिश ने रविवार को अंबाला छावनी सदर और अंबाला शहर में बाढ़ से निपटने के लिए किए जा रहे प्रबंधों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में होने वाले जल भराव या बाढ़ की स्थिति से बचने के लिए पहले ही तैयारी करना बेहद आवश्यक होता है ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की बाढ़ से बचने के लिए जो गतिविधियां एवं कार्य किए जा रहे हैं उसका बारीकी से निरीक्षण किया। मुख्य अभियंता ने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का बाढ़ रोकथाम में एक महत्वपूर्ण योगदान होता है। विभाग जल प्रबंधन और जल निकासी प्रणाली के विकास के माध्यम से बाढ़ को कम करने में मदद करता है। शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी के लिए नालियां और अन्य संरचनाएं बनाता है। बाढ़ के जोखिम को कम करने और बाढ़ से बचाव के लिए विभिन्न प्रकार के उपाय करता है।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की भूमिका जल प्रबंधन, जल निकासी प्रणाली के विकास और बाढ़ चेतावनी प्रणाली में महत्वपूर्ण है। इस मौके पर विभाग के अधीक्षक अभियंता अरविंद रोहिल्ला ने बताया कि अंबाला के दोनों शहर घग्गर और टांगरी नदी के बीच पड़ते हैं जिस कारण यहां पर बाढ़ व जल भराव की स्थिति की आशंका बनी रहती है। इसी आशंका को देखते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने पहले से ही अपनी सभी तैयारियों को दुरूस्त कर लिया है ताकि यदि ऐसी कोई स्थिति बनती है तो समय रहते उससे निपटा जा सके। आमजन को जल भराव की स्थिति का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता राजीव बातिश ने उन सभी स्थानों का दौरा किया गया जो मुख्य रूप से बाढ़ से प्रभावित रहते हैं। यहां पर जल भराव की स्थिति होती है। इस मौके पर उन्होंने पंप सैट हाउस के साथ-साथ सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को उचित रखरखाव, प्रबंधन व संयंत्रों के बचाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर अंबाला सदर के कार्यकारी अभियंता हरभजन सिंह, अंबाला शहर के कार्यकारी अभियंता करणवीर सिंह, विभाग के उप मंडल अभियंता व कनिष्ठ अभियंता विशेष रूप से मौजूद रहे।



## तिरंगा यात्रा में शामिल हुए जीएमएन कॉलेज के छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ऑपरेशन सिंदूर की विजय के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक 'तिरंगा' के सम्मान में रविवार को सरकारी पीजी कॉलेज अंबाला छावनी से भव्य तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्राचार्य डॉ रोहित दत्त की अगुवाई में जीएमएन. कॉलेज के छात्रों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। कॉलेज की ओर से 25 बॉयज़ कैडेट्स एनओ डॉ. एसएस नैन के निर्देशन में रैली में शामिल हुए जबकि 39 गर्ल्स कैडेट्स, उनके सीटीओ डॉ. तृप्ति शर्मा के नेतृत्व में उपस्थित रहीं। खेल शिक्षक बृजेश ने भी सहभागिता दर्ज करवाई। एनएसएस इकाइयों से डॉ. सरोज और डॉ. अनीश के मार्गदर्शन में कुल 55 स्वयंसेवकों ने रैली में भाग लिया। कॉलेज के शिक्षण व गैर-शिक्षण स्टाफ के सदस्य भी मौजूद रहे।

# लालकुर्ती बाजार में गंदे पानी की समस्या, नहीं हो रहा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- वार्ड 19 के कुंज विहार में भी ऐसी ही परेशानी
- वार्ड सदस्य ने क्षेत्र का दौरा करके दिया था समस्या के समाधान का आश्वासन
- नप कार्यालय में ही शिकायत केंद्र का प्रबंध करने की मांग

गर्मी शुरू होते ही लोगों को गंदे पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। पहले यह समस्या लालकुर्ती बाजार की थी। अब वार्ड 19 के कुंज विहार में भी ऐसी ही परेशानी है। जनस्वास्थ्य विभाग सहित नगर परिषद में शिकायत देने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा। हालांकि वार्ड सदस्य ने क्षेत्र का दौरा करके समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। यहां के रहने वाले नीरू, पवन, अरविंद, पुष्पा, निशा, कुणाल और शशि ने बताया कि पिछले काफी दिनों से घरों में गंदा पानी आ रहा है।

### खरीदकर पीना पड़ रहा पानी

इस कारण उन्हें काफी दिक्कत हो रही है। मजबूरन पानी को खरीदकर पीना पड़ रहा है। गंदे पानी का इस्तेमाल करने से लोग पेट की बीमारी से जूझ रहे हैं। गर परिषद कार्यालय में हो शिकायत केंद्र लोगों ने बताया कि पानी के बिल जमा कराने के लिए उन्हें नगर परिषद कार्यालय जाना पड़ता है लेकिन पानी से संबंधित शिकायत के लिए या तो 12 क्रॉस रोड कार्यालय पर या फिर पटेल पार्क के पास कार्यालय जाना पड़ता है जोकि सबसे बड़ी परेशानी का कारण है। इसलिए विभाग को आमजन की इस परेशानी का समाधान करते हुए नगर परिषद कार्यालय में ही शिकायत केंद्र का प्रबंध करना चाहिए।

# ऑपरेशन आक्रमण के दौरान 43 आरोपियों को किया गिरफ्तार, 84 वाहनों के चालान किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर के आदेश पर पुलिस की ओर से ऑप्रेशन आक्रमण चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने विभिन्न अपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 43 आरोपियों को काबू किया गया। ऑपरेशन आक्रमण के तहत चले विशेष अभियान मे पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी अपराध जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तरं पर कुल 66 टीमों का गठन किया गया था जिसमें 324 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए अलग.अलग मामलों में उपलब्धि हासिल की है.

कार्रवाई में चोरी के मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 1 नेकलेस 2 गोल्ड रिंग 55 ग्राम गोल्ड 200 ग्राम सिल्वर 1 मोबाइल फोन व 2 मोटरसाइकिल बरामद कर सफलता हासिल की गई है। लड़ाई झगड़े के मामलों में भी सात आरोपियों को काबू किया गया है। पुलिस अंबाला ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत गलत दिशा में चल रहे 84 वाहनों के चालान भी किए।



- आरोपियों से सोना चांदी की ज्वेलरी, मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन के साथ जब्त किए मादक पदार्थ

आबकारी अधिनियम के तहत 3 मामले दर्ज करते हुए उनमें 03 आरोपियों को काबू कर उनसे 25 बोतल अवैध शराब बरामद की गई। मादक पदार्थ तस्करी के 1 मामले में 1 आरोपी को काबू कर 1किलो 700 ग्राम गांजा बरामद किया गयाए अवैध हथियार तस्करी के मामले में 1 आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है जुआ अधिनियम के तहत दर्ज 11 मामलों में 11 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनसे जुआ एवं सट्टा में लगाई गई 21570 रुपये की राशि बरामद की गई है।

### उद्घोषित अपराधी दबोचा

पुलिस ने 1 उद्घोषित अपराधी तथा 7 बेल जंपरों को भी दबोचने में सफलता प्राप्त की जो काफी लंबे अरसे से पुलिस गिरफ्त से फरार चले हुए थे। सभी मामलों में आरोपियो के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करके कानूनी कार्यवाही अमल में लाई गई । इस प्रकार पुलिस ने विभिन्न थानों में दर्ज मामलों में 43 आरोपियों को दबोच ऑपरेशन आक्रमण के तहत कार्रवाई की गई। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि किसी भी प्रकार का नशा बेचने वालों की सूचना हेल्पलाइन नंबर 9729990117 पर दें । पता व जानकारी बतानें वालें व्यक्ति का नाम पता गुप्त रखा जायेगा।

### चोरी के मामले में आरोपी महिला गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने अमृतसर पंजाब की रहने वाली आरोपी महिला को गिरफ्तार कर दो सोना अंगूठी बरामद की गई हैं। पता चला है कि आरोपी महिला आदतन अपराधी है। उसके विरूद्ध पंजाब में लुट,हत्या का प्रयास करने,लडाई झगडे तथा अवैध हथियार रखने के लगभग 6 मामले दर्ज है। परिवादी जितेंद्र ने 30 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि मेन बाजार शिवा ज्वैलर्स पर एक लडकी सोने की अंगूठियां लेने के लिए आई थी। उसने दो असली अंगूठियों को निकाल कर उनकी जगह दो नकली अंगूठियां लगा दी थी । इसके बाद युवती फरार हो गई। इसके बाद पुलिसं ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अम्बाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी दिलप्रीत सिंह उर्फ दिल्लू व सिमरनजीत सिंह उर्फ सिम्मू को गिरफ्तार किया है। एक अन्य मामले में भी पुलिस ने आरोपियों से चोरी की गई मोटरसाईकिल बरामद की गई है। इंद्रपुरी के अजय कुमार ने 11 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि कंच घर पुल के नीचे से आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## रामबीर चौहान ने 66वीं बार और अमित सैनी-अमन गर्ग ने 25वीं बार कमाया पुण्य

# सेना के सम्मान में शिविर, 72 लोगों ने किया रक्तदान

- डीएसपी सुरेश कुमार ने रक्तदाताओं को किया सम्मानित, पुलिसकर्मियों ने भी किया ब्लड डोनेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

प्रयास समाज सेवा संस्थान द्वारा भारतीय सेना के सम्मान में रविवार को अग्रवाल धर्मशालामें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह संस्था द्वारा आयोजित 49वां रक्तदान शिविर था, जिसमें कुल 72 लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ डीएसपी सुरेश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में किया।

इस दौरान उनके साथ एसएचओ प्रमोद सिंह व चौकी इंचार्ज विश्वबंधु विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान प्रयास प्रवक्ता एडवोकेट संदीप सैनी ने बताया कि संस्था के वरिष्ठ सदस्य जंगबीर राणा व रामचंद्र सैनी के नेतृत्व में यह शिविर सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में प्रयास प्रधान विशाल सिंगला, उपप्रधान कुलदीप गुप्ता, महासचिव सुनील जैन, डिम्पल राणा तथा महिला सदस्य मोनिका कालडा, नीति जैन और कुसुम चौहान विशेष रूप से मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि डीएसपी सुरेश कुमार ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान है और इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं। साथ ही उन्होंने प्रयास संस्था की समाजसेवा की सराहना करते हुए युवाओं की जागरूकता की प्रशंसा की।




प्रयास प्रधान विशाल सिंगला ने बताया कि यह शिविर भारतीय सेना के सम्मान में लगाया गया था। उन्होंने कहा कि बल्ड बैंक में रक्त की कमी और सीमाओं पर तनाव की स्थिति को देखते हुए यह निर्णय लिया गया, जिसमें क्षेत्रवासियों ने देशभक्ति का परिचय देते हुए 72 यूनिट रक्तदान किया। शिविर में डॉ. भारती के नेतृत्व में सिविल अस्पताल अंबाला शहर की टीम ने प्रमुख भूमिका निभाई। खास बात यह रही कि एसएचओ प्रमोद सिंह, चौकी इंचार्ज विश्वबंधु समेत कई पुलिसकर्मियों ने भी रक्तदान किया।

### रणदीप राणा ने 15वीं बार रक्तदान किया

इस अवसर पर रामबीर चौहान ने 66वीं बार रक्तदान किया तो अमित सैनी व अमन गर्ग ने (25वीं बार), साहिल मेहता, मिंकू कक्कड़, राजेश छाबड़ा, हरदीप सैनी, रणदीप राणा ने (15वीं बार), अक्षय गर्ग, कुमार गर्ग, राजू भराड़ा, हर्ष तायल ने (12वीं बार), राहुल सैनी ने (8वीं बार), विकास सिंगला व विजेंद्र बंसल ने (7वीं बार) एवं हार्दिक गर्ग, मुकेश गोयल, गौरव सैनी और अनीश गोयल ने (दूसरी बार) रक्तदान किया। इसके अतिरिक्त हरजीत सिंह, बलबीर सिंह, परवीन चौहान गेल्डी, अमित सैनी, महावीर सैनी, स्वदेश सज्जन माजरी, सन्नी सिंह, पवन कश्यप, विनय भटनागर, राजीव राणा, राजीव मदान और शुभम बंसल ने भी रक्तदान कर भारतीय सेना को सम्मान अर्पित किया। इस अवसर पर बराड़ा मंडल प्रधान डिम्पल राणा, रजनीश मेहता, संदीप गर्ग, विक्रम राणा (अलीपुर), मुकेश मित्तल, राजिंदर राणा, मंगा थंबड़, हरीश उगाला, जितेन्द्र सिंह पानसर, डिम्पल गर्ग, सुरेन्द्र राणा, जसविंद्र सुहाता, सोहन लाल सैनी, सैम मेहता, रिंकू प्रधान और कृष्णा सिंगला सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।